दिन–बुधवार दिनांक– 10 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। कुमार अवधिः– 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गया के गुरारू में एनडीए के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित किया। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के पशुपति कुमार पारस ने भी एनडीए के पक्ष में लोगों से मतदान की अपील की।

02. राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने औरंगाबाद में चुनावी सभा को संबोधित करते हुये केन्द्र सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया।

03. भोजपुरी फिल्मों के जाने माने अभिनेता और गायक पवन सिंह ने काराकाट लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की।

04. और, ईद–उल–फित्र का त्योहार कल मनाया जाएगा। बाजारों में बढ़ी रौनक।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज गया के गुरारू में एनडीए के समर्थन में एक चुनावी सभा को सम्बोधित किया। सभा में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के पशुपति कुमार पारस ने भी एनडीए के पक्ष में लोगों से मतदान की अपील की। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस सालों में कई असम्भव कामों को पूरा किया गया। भाजपा नेता ने अनुच्छेद तीन सौ सत्तर, राम मंदिर निर्माण, भ्रष्टाचार, आतंकवाद, नक्सलवाद और तीन तलाक के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा। श्री शाह ने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम पर राजद और कांग्रेस ने लम्बे समय तक राजनीति की, लेकिन उन्हें भारत रत्न से सम्मानित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया।

———बाईट———

श्री शाह ने कहा कि इस बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चार सौ पार का नारा दिया है। उन्होंने विश्वास जताया कि बिहार के लोग चालीस में से चालीस सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों को जीत दिलाकर इस लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

———बाईट———

सभा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा, और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के जीतन राम मांझी ने भी संबोधित किया।

———————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज औरंगाबाद में पार्टी प्रत्याशी अभय कुशवाहा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार की नीतियों के कारण आज देशभर में बेरोजगारी और महंगाई बढ़ रही है। उन्होंने केन्द्र सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया। सभा को विकासशील इंसान पार्टी के मुकेश सहनी समेत इंडी गठबंधन के कई नेताओं ने भी सम्बोधित किया।

———————————————————

भोजपुरी फिल्मों के जाने माने अभिनेता और गायक पवन सिंह काराकाट लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सिंह ने यह जानकारी दी। गौरतलब है कि भाजपा ने पवन सिंह को पश्चिम बंगाल के आसनसोल से अपना प्रत्याशी बनाया था, लेकिन उन्होंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया था।

———————————————————

लोकसभा चुनाव के लिए राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों की श्रृंखला में, आज जानकारी किशनगंज लोकसभा सीट की। किशनगंज बिहार के पांच संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों में से एक है जहां दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———बाईट———

मुस्लिम बहुल किशनगंज संसदीय क्षेत्र में इस बार मुकाबला त्रिकोणीय है। कांग्रेस के मोहम्मद जावेद, जदयू के मास्टर मुजाहिद आलम और एआईएमआईएम के अख्तरूल ईमान के बीच कड़ी टक्कर है। इस संसदीय क्षेत्र में लगभग अड़सठ प्रतिशत मतदाता मुस्लिम है। यही वजह है कि सभी राजनीतिक दल मुस्लिम उम्मीदवार ही मैदान में उतारते हैं। वर्ष दो हजार उन्नीस में हुये लोकसभा चुनाव में बिहार में विपक्षी गठबंधन को केवल किशनगंज सीट पर सफलता मिली थी। कांग्रेस के मोहम्मद जावेद इस क्षेत्र से निर्वाचित हुये थे। किशनगंज का इलाका सूरजापुरी के नाम से जाना जाता है। भाषा भी सूरजापुरी है और अधिकतर मतदाता भी सूरजापुरी हैं। प्रत्याशी भी सूरजापुरी ही हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में इस संसदीय सीट के छह विधानसभा क्षेत्रों में एआईएमआईएम को चार सीटों पर जीत मिली थी। बाद में उनके तीन विधायक राजद में शामिल हो गये थे। इस समय बहादुरगंज, ठाकुरगंज, कोचाधामन और बायसी विधानसभा क्षेत्र से राजद के विधायक हैं। वहीं, किशनगंज से कांग्रेस और अमौर से एआईएमआईएम के विधायक हैं। इस संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार जोर पकड़ता जा रहा है। एनडीए के नेता जहां विकास, मोदी की गारंटी और नीतीश सरकार की उपलब्धियों को लेकर लोगों के बीच जा रहे हैं, वहीं इंडी गठबंधन बेरोजगारी, महंगाई, बाढ़, आपदा, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों को जोर–शोर से उठा रहा है। सीमांचल की हकमारी को लेकर एआईएमआईएम लोगों के बीच अपनी बातों को पुरजोर तरीके से उठा रहा है। इस बार यह देखना काफी रोचक होगा कि कांग्रेस के गढ़ माने जाने इस सीट पर किस दल के प्रत्याशी को जीत मिलती है। आकाशवाणी समाचार के लिए किशनगंज से विशाल कुमार।

———————————————————

देश में ट्रांसजेंडर समुदाय को मताधिकार देने के लिए संघर्ष की यात्रा अनेक चुनौतियों से भरी है। इस समुदाय के संघर्षों और विजय पर प्रस्तुत है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

भारत के इतिहास में अप्रैल 2014 एक महत्वपूर्ण चरण था जब सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसजेंडर नागरिकों को कानूनी रूप से तीसरे लिंग के तौर पर मान्यता देने वाला ऐतिहासिक फैसला सुनाया। इस संघर्ष का बीज 2003 में बोया गया था जब मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने कटनी के मेयर पद पर ट्रांसजेंडर महिला कमल चंद के चुनाव को रद्द कर दिया था 2004 में अधिवक्ता ए रजनी और ट्रांसजेंडर कार्यकर्ता प्रिया बाबू ने सामाजिक स्थितियों में बदलाव लाने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय में ट्रांसपर्सन के मतदाता पहचान पत्र की मांग करते हुए एक याचिका दायर की थी चुनौतियों के बीच इनकी जीत हुई इस ऐतिहासिक जीत से ट्रांसजेंडर समाज को न केवल नागरिकता के महत्वपूर्ण अधिकार प्राप्त हुआ बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण में भी बदलाव की शुरुआत हुई इस लोकसभा चुनाव में 48000 से अधिक ट्रांसजेंडर व्यक्ति मतदान के पात्र है अर्पिता चौधरी की रिपोर्ट के साथ आकाशवाणी न्यूज़ के लिए आदर्श कुमार नई दिल्ली।

————————————————————————

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के नौ मामले दर्ज किये गये। वहीं, पांच लाख रूपये से अधिक नकद बरामद किये गये। साथ ही भारी मात्रा में शराब और मादक पदार्थ भी जब्त किया गया।

————————————————————————

और अब पेश है—लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे मधुबनी लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर की जारी रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

मधुबनी लोकसभा क्षेत्र में पांचवें चरण के तहत बीस मई को मतदान होगा। इस लोकसभा क्षेत्र में जिले के हरलाखी, बेनीपट्टी, बिस्फी और मधुबनी विधानसभा क्षेत्र के अलावा दरभंगा जिले का केवटी और जाले विधानसभा क्षेत्र भी शामिल है। मधुबनी के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि चुनाव घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कृतसंकल्प है।

———बाईट—जिलाधिकारी———

पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि चुनाव को देखते हुये सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

———बाईट—पुलिस अधीक्षक———

मधुबनी लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नये मतदाताओं में वोटिंग को लेकर खासा उत्साह है।

———बाईट—वोटर———

इधर, राजनीतिक दलों ने भी क्षेत्र में चुनाव प्रचार अभियान तेज कर दिया है। आकाशवाणी समाचार के लिए मधुबनी से आकिल हुसैन।

————————————————————————

बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने आज पटना में लोकसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता को लेकर तीन सौ रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन रथों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित

किया जायेगा। इस अवसर पर पटना के जिला निर्वाचन पदाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक और परिवहन विभाग के सचिव संजय अग्रवाल भी मौजूद थे।

———————————————————————

ईद–उल–फित्र का त्योहार कल मनाया जाएगा। ईद की नमाज अदा करने के लिए राजधानी पटना के गांधी मैदान समेत सभी ईदगाहों में तैयारी पूरी कर ली गयी है। कल गांधी मैदान में सुबह साढ़े सात बजे नमाज अदा की जाएगी। ईद को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। वहीं, बाजारों में भी खरीदारी को लेकर रौनक बढ़ गयी है।

———————————————————————

चैत नवरात्र के दूसरे दिन आज देवी दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा–अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि माँ के इस स्वरूप की पूजा–अर्चना से सौभाग्य, आरोग्य और अभय की प्राप्ति होती। हमारे सम्वाददाताओं ने बताया है कि विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।

———————————————————————

मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी और शिवहर जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की सम्भावना जतायी है। राज्य के शेष हिस्सों में मौसम प्रायः शुष्क बना रहेगा। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले पांच दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस क्रमिक वृद्धि हो सकती है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान चालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————————

मधुबनी जिले के देवधा थाना क्षेत्र और रहिका थाना क्षेत्र से पुलिस ने लगभग तीस किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, जिले के अरेर थाना क्षेत्र अन्तर्गत बीच थाना गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक तस्कर को भारी मात्रा में शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

'मुज़फ़्फ़रपुर जिले के बरुराज थाना क्षेत्र के सिसवा गांव स्थित एक तालाब में नहाने के दौरान डूबने से दो बहनों की मौत हो गयी।

———————————————————————

पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र अन्तर्गत बांसघाट काली मंदिर के पास अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। इधर, नालंदा जिले के बलवापुर गांव में अपराधियों ने एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————————

मुंगेर जिले के लड़ैयाटांड़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत विरोजपुर टांड से पुलिस ने दो अपराधियों को हथियार और शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

खगड़िया जिले के मोरकाही थाना क्षेत्र अन्तर्गत कामाथाम में पुलिस ने छापेमारी कर चार लोगों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गया के गुरारू में एनडीए के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित किया। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के पशुपति कुमार पारस ने भी एनडीए के पक्ष में लोगों से मतदान की अपील की।

02. राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने औरंगाबाद में चुनावी सभा को संबोधित करते हुये केन्द्र सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया।

03. भोजपुरी फिल्मों के जाने माने अभिनेता और गायक पवन सिंह ने काराकाट लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की।

04. और, ईद–उल–फित्र का त्योहार कल मनाया जाएगा। बाजारों में बढ़ी रौनक।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।